# निजता नीति - उत्पाद विकास एवं परीक्षण (वाहन परिवेश)

## A. निजता नीति का दायरा

इस निजता नीति में, हम आपको सार्वजनिक सड़कों पर परीक्षण वाहन का उपयोग करने ("टेस्ट ड्राइव") के संबंध में AUDI AG, Ettinger Straße 70, 85057 Ingolstadt, Deutschland / जर्मनी ("हम", "हमें", "हमारा/री/रे" या "Audi") द्वारा आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग के बारे में सूचित कर रहे हैं। Audi उत्पाद-विकास, परीक्षण और संरक्षण के लिए तथाकथित परीक्षण वाहनों का उपयोग करती है। इन वाहनों में संवेदक और मापन यंत्र लगे होते हैं, ये वाहन वीडियो मापन प्रौद्योगिकी से लैस होते हैं और इनकी बॉडी पर तदनुसार लेबलिंग की गई होती है।

टेस्ट ड्राइव में वाहन की विकास-प्रक्रिया के दौरान और सुरक्षा परीक्षण, वाहन-चालन मूल्यांकन, स्थिति मूल्यांकन और अनुमोदन संचालनों के दौरान वाहन चलाना शामिल होता है। ये टेस्ट ड्राइव अन्य स्थानों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी संचालित की जाएंगी।

Audi में व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग से संबंधित सामान्य जानकारी हमारी वेबसाइट https://www.audi.de/de/brand/de.html#layer=/de/brand/de/tools/navigation/layer/rechtliches.html&data-innerlayer=true पर उपलब्ध है

**व्यक्तिगत आंकड़ों** का अर्थ किसी भी पहचाने गए या पहचाने जाने योग्य प्राकृतिक व्यक्ति ('डेटा सब्जेक्ट') से संबंधित किसी भी जानकारी से है; पहचाने जाने योग्य प्राकृतिक व्यक्ति वह है जिसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, और विशेषकर किसी अभिज्ञापक (आइडेंटिफ़ायर) जैसे नाम के, किसी पहचान संख्या के, स्थान के आंकड़ों के, किसी ऑनलाइन अभिज्ञापक के या विशिष्ट रूप से उस प्राकृतिक व्यक्ति की शारीरिक, शरीरक्रियात्मक, आनुवंशिक, मानसिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या सामाजिक पहचान के एक या अधिक कारकों के संदर्भ द्वारा, पहचाना जा सकता है।

**प्रोसेसिंग** का अर्थ ऐसी किसी भी संक्रिया या संक्रियाओं के समूह से है जो व्यक्तिगत आंकड़ों या व्यक्तिगत आंकड़ों के समूहों पर की जाती है, चाहे स्वचालित साधनों से की जाए अथवा नहीं, जैसे संप्रेषण, प्रसार या अन्यथा उपलब्ध करने, संरेखण या संयोजन करने, प्रतिबंधित या सीमित करने, मिटाने या नष्ट करने के द्वारा एकत्रण, अभिलेखन, व्यवस्थापन, संरचन, भंडारण, अनुकूलन या परिवर्तन, पुनः प्राप्ति, परामर्श, उपयोग और प्रकटन।

## B. सामान्य जानकारी

### I. प्रोसेसिंग का नियंत्रक कौन है?

अनुच्छेद 4(7) GDPR – जैसा नीचे अनुभाग C में वर्णित है – के अर्थ की सीमा में प्रोसेसिंग गतिविधियों की **नियंत्रक** AUDI AG, Ettinger Straße 70, 85057 Ingolstadt, Deutschland / जर्मनी, है।

### II. मैं किससे संपर्क कर सकता/ती हूं?

यदि आप अपने आंकड़ा संरक्षण अधिकारों का दावा करना चाहते हैं, तो कृपया यहां दिए गए संपर्क विकल्पों का उपयोग करें:

https://gdpr.audi.com/

इस पेज पर आपको इस बारे में और जानकारी मिलेगी कि आप अपने आंकड़ा संरक्षण अधिकारों का दावा कैसे कर सकते हैं। आप निम्नलिखित पते पर हमसे डाक द्वारा भी संपर्क कर सकते हैं:

AUDI AG, DSGVO-Betroffenenrechte, Auto-Union-Straße 1, 85057 Ingolstadt, Deutschland / जर्मनी

### III. हमारे आंकड़ा संरक्षण अधिकारी का संपर्क विवरण

यदि आपको आंकड़ों के संरक्षण को लेकर चिंताएं हैं, तो आप हमारे **कंपनी आंकड़ा संरक्षण अधिकारी** से भी संपर्क कर सकते हैं:

AUDI AG, Datenschutzbeauftragter, Auto-Union-Straße 1, 85057 Ingolstadt, Deutschland / जर्मनी

ई-मेल: datenschutz@audi.de

## IV. मेरे पास कौन-कौन से अधिकार हैं?

आपके क्षेत्राधिकार पर निर्भर करते हुए, एक आंकड़ा आयत्त (डेटा सब्जेक्ट) के रूप में आपके पास निम्नलिखित आंकड़ा संरक्षण अधिकार हो सकते हैं:

### 1. पहुंच (एक्सेस)

आपके पास Audi में आपसे संबंधित आंकड़ों के बारे में और Audi द्वारा किए जाने वाले आंकड़ा प्रोसेसिंग एवं आंकड़ा हस्तांतरण के दायरे के बारे में जानकारी प्राप्त करने का, और आपसे संबंधित भंडारित व्यक्तिगत आंकड़ों की एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है।

### 2. सुधार

आपके पास आपसे संबंधित अशुद्ध व्यक्तिगत आंकड़ों में अनुचित विलंब के बिना सुधार करवाने का और Audi में आपसे संबंधित अधूरे व्यक्तिगत आंकड़ों को पूरा करवाने का अधिकार है।

### 3. मिटाव

आपके पास Audi में भंडारित आपसे संबंधित व्यक्तिगत आंकड़ों को अनुचित विलंब के बिना मिटवाने का अधिकार है बशर्ते सांविधिक आवश्यकताएं पूरी की जाएं।

ऐसी स्थिति विशेष रूप से तब हो सकती है, यदि

- आपके व्यक्तिगत आंकड़े जिन प्रयोजनों के लिए एकत्र किए गए थे उनके संबंध में अब उनकी आवश्यकता नहीं रही है;
- प्रोसेसिंग का एकमात्र कानूनी आधार आपकी सहमति थी और आपने उसे वापस ले लिया है;
- आपने आपकी परिस्थिति विशेष से संबंधित आधारों पर हितों के संतुलन के कानूनी आधार की बुनियाद पर प्रोसेसिंग पर आपत्ति की है और हम यह सिद्ध नहीं कर सकते हैं कि प्रोसेसिंग के लिए अधिभावी (ओवरराइडिंग) वैध आधार मौजूद हैं;
- आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग ग़ैरकानूनी ढंग से किया गया है; या
- किसी कानूनी दायित्व के अनुपालन के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों को मिटाना आवश्यक है।

यदि हमने आपके आंकड़े तृतीय पक्षों के साथ साझा किए हैं, तो जहां तक कानून द्वारा आवश्यक किया जाए उस सीमा तक, हम उन्हें मिटाव के बारे में सूचित करेंगे।

कृपया ध्यान दें कि आपका मिटाव का अधिकार कुछ प्रतिबंधों के अधीन है। उदाहरण के लिए, हम पर सांविधिक प्रतिधारण अवधियों के कारण जिन आंकड़ों को अभी-भी हमारे पास बनाए रखने का दायित्व है, हमारे लिए उन आंकड़ों को मिटाना न तो आवश्यक है और न हमें ऐसा करने की अनुमति है। इसी प्रकार, हमें जो आंकड़े कानूनी दावों की स्थापना, उनके उपयोग या बचाव के लिए चाहिए वे भी आपके मिटाव के अधिकार के दायरे से बाहर होते हैं।

### 4. प्रोसेसिंग पर प्रतिबंध

आपके पास, कुछ स्थितियों के अंतर्गत, प्रोसेसिंग को प्रतिबंधित करने का (अर्थात भंडारित व्यक्तिगत आंकड़ों की भावी प्रोसेसिंग को रोकने के लिए उसे चिह्नित करने का) अधिकार है। आवश्यकताएं इस प्रकार हैं:

- आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की शुद्धता को चुनौती दी गई है और Audi को आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की शुद्धता का सत्यापन करना होगा;
- प्रोसेसिंग ग़ैरकानूनी है, पर आप व्यक्तिगत आंकड़ों को मिटाए जाने का विरोध करते हैं और मिटाए जाने के स्थान पर व्यक्तिगत आंकड़ों के उपयोग को प्रतिबंधित करने का अनुरोध करते हैं;
- Audi को प्रोसेसिंग के प्रयोजनों से आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की अब और आवश्यकता नहीं है, पर आपको कानूनी दावों की स्थापना, उनके उपयोग या बचाव के लिए आंकड़े चाहिए।

- आपने प्रोसेसिंग पर आपत्ति की है और इस बात का सत्यापन होना शेष है कि Audi के वैध आधार, आपके वैध आधारों पर अधिभावी (ओवरराइड) होते हैं या नहीं।

प्रोसेसिंग को प्रतिबंधित किए जाने की स्थिति में, उक्त आंकड़ों को तदनुसार चिह्नित कर दिया जाएगा और उनका – केवल उनके भंडारण हेतु छोड़कर – प्रोसेसिंग केवल आपकी सहमति के साथ या कानूनी दावों की स्थापना, उनके उपयोग या बचाव के लिए या किसी अन्य प्राकृतिक या विधिक व्यक्ति के अधिकारों के संरक्षण के लिए या संघ अथवा किसी सदस्य राज्य के महत्वपूर्ण लोक हित के कारणों से किया जाएगा।

### 5. आंकड़ा सुवाह्यता (डेटा पोर्टेबिलिटी)

जिस सीमा तक हम आपकी सहमति या आपके साथ किए गए किसी अनुबंध (आपका नियुक्ति अनुबंध शामिल) के आधार पर हमें प्रदान किए गए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की स्वचालित प्रोसेसिंग करते हैं उस सीमा तक, आपके पास आंकड़ों को एक निश्चित संरचना वाले, आमतौर पर प्रयोग होने वाले और मशीन द्वारा पठनीय प्रारूप में प्राप्त करने का और उन आंकड़ों को Audi की ओर से किसी भी बाधा के बिना किसी अन्य नियंत्रक को हस्तांतरित करने का अधिकार है। आपके पास, जहां तकनीकी दृष्टि से व्यावहारिक हो वहां, आंकड़ों को सीधे Audi से किसी अन्य नियंत्रक को हस्तांतरित करवाने का भी अधिकार है, बशर्ते इससे अन्य के अधिकारों और स्वतंत्रताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़ता हो।

### 6. आपत्ति

यदि हम वैध हितों के आधार पर या जनहित में आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग करते हैं, तो आपके पास आपकी परिस्थिति विशेष से संबंधित आधारों पर आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर आपत्ति करने का अधिकार है। साथ ही, यदि हम हमारे प्रत्यक्ष विपणन (डायरेक्ट मार्केटिंग) प्रयोजनों से आपके आंकड़ों की प्रोसेसिंग करते हैं तो आपके पास आपत्ति करने का अप्रतिबंधित अधिकार भी है। कृपया “आपत्ति करने के आपके अधिकार के बारे में जानकारी” अनुभाग में हमारी अलग टिप्पणी देखें।

कुछ मामलों में हम आपको, निजता सेटिंग्स के भी परे, हितों के संतुलन के दायरे के भीतर आपत्ति करने का एक अतिरिक्त असीमित अधिकार भी प्रदान करते हैं। संबंधित विशेषता/सुविधा या सेवा के संबंध में हम आपको इसके बारे में सूचित करेंगे।

### 7. सहमति वापस लेना

यदि आपने आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर सहमति दी है, तो आप उसे किसी भी समय वापस ले सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि वापसी केवल भविष्य के लिए प्रभावी होगी। वापसी से पहले हो चुकी प्रोसेसिंग प्रभावित नहीं होगी।

### 8. शिकायत

साथ ही, यदि आपका मानना है कि आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग ग़ैरकानूनी है तो आपके पास किसी आंकड़ा संरक्षण पर्यवेक्षी प्राधिकरण से शिकायत दर्ज कराने का अधिकार भी है। शिकायत दर्ज कराने का अधिकार, किसी भी अन्य प्रशासनिक या न्यायिक उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव के बिना है।

### 9. आपके आपत्ति करने के अधिकार के बारे में जानकारी

#### a. आपकी परिस्थिति विशेष से संबंधित आधारों पर आपत्ति करने का अधिकार

आपके पास आपकी परिस्थिति विशेष से संबंधित आधारों पर आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर आपत्ति करने का अधिकार है। पर इसके लिए पहली शर्त यह है कि आंकड़े की प्रोसेसिंग जनहित में हो या हितों के संतुलन के आधार पर हो। किसी भी प्रोफ़ाइलिंग (व्यक्ति की ज्ञात प्रवृत्तियों/विशेषताओं के आधार पर उसकी अज्ञात सूचनाओं का अनुमान लगाना) पर भी यह लागू होता है। जहां तक कि हम आपके व्यक्तिगत आंकड़ों ककी प्रोसेसिंग हितों के संतुलन के आधार पर करते हैं, हम सामान्यतः यह मानकर चलते हैं कि अकाट्य वैध आधार प्रदर्शित किए जा सकते हैं, पर हम, बेशक़, हर अलग-अलग मामले की जांच करेंगे। कोई आपत्ति होने के मामले में, हम आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्प्रोसेसिंग रोक देंगे।

बशर्ते,

- हम उक्त आंकड़ों की प्रोसेसिंग के लिए ऐसे अकाट्य वैध आधार प्रदर्शित न कर सकते हों जो आपके हितों, अधिकारों और स्वतंत्रताओं पर अधिभावी हैं, या
- कानूनी दावों की स्थापना, उनके उपयोग या बचाव के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों का उपयोग न किया जाता हो।

### b. हमारे प्रत्यक्ष विपणन प्रयोजनों से आपके आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर आपत्ति

जहां हम प्रत्यक्ष विपणन (डायरेक्ट मार्केटिंग) के प्रयोजनों से आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग करते हैं वहां, आपके पास उक्त विपणन के लिए आपसे संबंधित व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर किसी भी समय आपत्ति करने का अधिकार है; यह प्रोफ़ाइलिंग के उक्त प्रत्यक्ष विपणन से संबंधित होने की सीमा तक प्रोफ़ाइलिंग पर भी लागू है। यदि आप प्रत्यक्ष विपणन के प्रयोजनों से किए जा रहे प्रक्रमण पर आपत्ति करते हैं, तो हम उक्त प्रयोजनों से आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग रोक देंगे।

### c. उत्पाद सुधार औ़र सामान्य ग्राहक विश्लेषण के लिए आपके आंकड़ों की प्रोसेसिंग पर आपत्ति

हितों के संतुलन के भाग के रूप में, हम आपको उत्पाद सुधार और सामान्य ग्राहक विश्लेषण के लिए आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग के सं ंबंध में आपत्ति करने का एक अलग अधिकार प्रदान करते हैं।

यदि आप उत्पाद सुधार और/या सामान्य ग्राहक विश्लेषण के प्रयोजनों से की जा रही प्रोसेसिंग पर आपत्ति करते हैं, तो हम उक्त प्रयोजनों से आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग रोक देंगे। समूहित या अन्यथा बेनामी आंकड़ों के शुद्ध रूप से सांख्यिकीय मूल्यांकन इससे अप्रभावित रहेंगे।

### d. आपत्ति करने के अधिकार का उपयोग

आपत्ति का उपयोग किसी भी रूप में किया जा सकता है और बेहतर यह होगा कि उसे अनुभाग B. II. में दिए गए संपर्क विवरण पर भेजा जाए।

**कृपया ध्यान दें कि परीक्षण वाहनों के कैमरों द्वारा रिकॉर्ड किए गए सार्वजनिक सड़क यातायात के वास्तविक चित्रों का उपयोग बाधाओं और अन्य सड़क** उपयोगकर्ताओं **का पता लगाने और दुर्घटनाओं से प्रभावी रूप से बचने के उद्देश्य से केवल वाहन के परिवेश को कैप्चर करने के लिए ही किया जाएगा। ऐसा (अर्ध-) स्वायत्त वाहन-चालन को सक्षम बनाने के लिए आवश्यक है। परीक्षण वाहनों की रिकॉर्डिंग्स का उपयोग बाज़ार हेतु तैयार वाहन कार्यक्षमताओं के विकास के लिए किया जाएगा। Audi रिकॉर्ड किए गए किसी भी व्यक्ति या वाहन को न तो पहचान सकती है और न पहचानने का इरादा रखती है। यदि लागू हो भी तो, Audi सूचनाओं, सुधार, मिटाव,** प्रोसेसिंग **पर प्रतिबंध, आंकड़ा** हस्तां**तरणीयता और आपत्ति के उपर्युक्त अधिकारों के अनुपालन के लिए बाध्य नहीं है। यदि पहचान संभव नहीं है, तो हम आपको साक्ष्य प्रदान करेंगे। ऐसी स्थिति में, आप Audi को वह अतिरिक्त जानकारी प्रदान कर सकते हैं जो हमें आपकी पहचान करने में समर्थ बनाएगी (उदा. रिकॉर्डिंग के समय आपके रूप-रंग और वस्त्रों के विवरण, परीक्षण वाहन से संपर्क का स्थान, समय और दिनांक, परीक्षण वाहन की पंजीकरण संख्या या कम-से-कम उसका प्रकार व रंग)। यदि हम इस अतिरिक्त जानकारी की मदद से आपकी पहचान करने में सफल हो जाते हैं, तो हम बेशक GDPR के अंतर्गत हमारे दायित्वों के दायरे के भीतर आपके अधिकारों का अनुपालन करेंगे।**

## V. हम किन प्रयोजनों के लिए कौन-कौन से आंकड़ों की प्रोसेसिंग करते हैं और कौन-कौन से कानूनी आधार लागू होते हैं?

उत्पाद विकास के प्रयोजन से परीक्षण वाहन में कई संवेदक और मापन यंत्र लगाए जा सकते हैं, जो परीक्षण वाहन की स्थिति और वाहन-चालन व्यवहार के बारे में आंकड़े एकत्र करते हैं। इन आंकड़ों में आपकी व्यक्तिगत जानकारी

भी हो सकती है। इन व्यक्तिगत आंकड़ों में शामिल हैं:

- **वाहन के इर्द-गिर्द (360° तक) के परिवेश के चित्र और**
- **लाइसेंस प्लेट।**

**("आंकड़े")**

हम केवल और केवल विकास, परीक्षण और ट्रायल के प्रयोजनों और गुणवत्ता आश्वस्ति की मापों (सुरक्षा हेतु आवश्यक परीक्षणों) के लिए हमारे वैध हितों के आधार पर आपके व्यक्तिगत आंकड़ों की प्रोसेसिंग करते हैं। अन्य किसी भी उपयोग की अनुमति नहीं है।

सुरक्षा से संबंधित वाहन-चालन विशेषताओं जैसे चालक सहायता प्रणालियों और अत्यधिक व पूर्णतः स्वचालित वाहन-चालन का विकास और संरक्षण करना Audi का वैध हित है। साथ ही, उत्पाद, वाहन और यातायात सुरक्षा को बेहतर बनाना है तथा यातायात दुर्घटनाओं को घटाना है।

## VI. मेरे आंकड़े किसे प्राप्त होते हैं?

Audi के भीतर, उन इकाइयों को आपके आंकड़े प्राप्त होते हैं जिन्हें वे हमारे आनुबंधिक एवं सांविधिक दायित्वों की पूर्ति के लिए और हमारे वैध हितों (उदा. तकनीकी विकास विभाग की उत्पाद विकास प्रक्रिया) के संरक्षण के लिए चाहिए। हमारे उन सेवा प्रदाताओं (जिन्हें प्रोसेसर कहा जाता है) को भी इन प्रयोजनों से आंकड़े प्राप्त हो सकते हैं जिन्हें हम उपयोग में लाते व संलग्न करते हैं। सामान्यतः हम आपके व्यक्तिगत आंकड़े तृतीय पक्षों के साथ केवल तब साझा करेंगे यदि ऐसा करना अनुबंध के निष्पादन के लिए आवश्यक हो, यदि प्रकटन में हमारा या तृतीय पक्ष का कोई वैध हित हो, या यदि आपने अपनी सहमति दी हो। साथ ही, तृतीय पक्षों (जांच या सुरक्षा प्राधिकरण शामिल) के साथ आंकड़ों को उस सीमा तक साझा किया जा सकता है जिस तक हमारे लिए ऐसा करना कानून या प्रवर्तनीय नियामक अथवा न्यायिक आदेशों ने आवश्यक किया हो। हम जिन प्रोसेसर का उपयोग करते हैं उनकी और व्यक्तिगत आंकड़े प्राप्त करने वाले अन्य प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियों का विवरण आगामी अनुभाग में दिया गया है। Audi द्वारा किए जाने वाले आंकड़ा प्रोसेसिंग के आकार और जटिलता के कारण, आपके व्यक्तिगत आंकड़ों के हर प्राप्तकर्ता को इस निजता नीति में अलग-अलग सूचीबद्ध करना संभव नहीं है, अतः सामान्यतः प्राप्तकर्ताओं की केवल श्रेणियां निर्दिष्ट की गई हैं।

### 1. प्रोसेसर

Audi द्वारा प्रयोग किए जाने वाले और उसकी ओर से कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं (जिन्हें प्रोसेसर कहते हैं) को निम्नलिखित प्रयोजनों से आंकड़े प्राप्त हो सकते हैं। हम विशिष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए निम्नलिखित श्रेणियों के प्रोसेसर का उपयोग करते हैं, जो हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं के निष्पादन में हमारी सहायता करते हैं। विशिष्ट रूप से, इसमें निम्नलिखित श्रेणियों में उपक्रम शामिल हैं:

- VW ग्रुप के भीतर की वे कंपनियां जो Audi (VW AG) के लिए सेवाएं (उदा. IT सेवाएं) प्रदान करती हैं,
- पुरालेखन (आर्काइविंग) सेवा प्रदाता,
- होस्टिंग सेवा प्रदाता,
- IT सेवा प्रदाता और,

### 2. तृतीय पक्ष

हम आपके व्यक्तिगत आंकड़े निम्नलिखित श्रेणियों के प्राप्तकर्ताओं को हस्तांतरित करते हैं, जिनमें से प्रत्येक, उत्पाद विकास और परीक्षणों के मूल्यांकन में शामिल है और जो लागू आंकड़ा संरक्षण कानून के अनुसरण में नियंत्रकों का कार्य करते हैं:

- Audi ग्रुप के भीतर की कंपनियां,
- VW ग्रुप के भीतर की कंपनियां,

- विकास साझेदार,
- विश्वविद्यालय,
- अपने-अपने उत्तरदायित्व क्षेत्रों के भीतर विभिन्न प्राधिकरण (उदा. कर कार्यालय, पुलिस, लोक अभियोजक कार्यालय) और
- न्यायालय।

हम अलग-अलग टेस्ट ड्राइव के संबंध में प्राप्तकर्ताओं के बारे में आपको अतिरिक्त जानकारी ख़ुशी-ख़ुशी प्रदान करेंगे। अनुरोधों के लिए कृपया नीचे दिए गए संपर्क विवरण प्रयोग करें

### 3. क्या आंकड़े किसी तृतीय देश को हस्तांतरित किए जाते हैं?

कुछ मामलों में, व्यक्तिगत आंकड़े यूरोपीय संघ या यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र से बाहर के किसी देश (जिसे तृतीय देश कहा गया है) को हस्तांतरित किए जा सकते हैं। यदि प्राप्तकर्ता किसी तृतीय देश में स्थित है, तो आंकड़े किसी ऐसे देश को हस्तांतरित किए जा सकते हैं जहां का आंकड़ा संरक्षण का स्तर पर्याप्त न हो, अर्थात, EU के स्तर के तुलनीय न हो।

अपर्याप्त स्तर के आंकड़ा संरक्षण वाले तृतीय देशों को किए जाने वाले हस्तांतरणों के लिए, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि, प्रकटन से पहले, प्राप्तकर्ता के पास या तो पर्याप्त स्तर का आंकड़ा संरक्षण हो (उदा. EU आयोग का पर्याप्तता निर्णय या प्राप्तकर्ता के साथ यूरोपीय संघ के तथाकथित EU मानक आनुबंधिक खंडों का करार), या फिर हमने आपकी स्पष्ट सहमति प्राप्त कर ली हो।

आप हमसे आंकड़ा संरक्षण का पर्याप्त स्तर सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट रूप से लागू या सम्मत नियमों की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रयोजन से कृपया इस निजता नीति के अनुभाग B. में दी गई संपर्क जानकारी का उपयोग करें।

जहां प्रासंगिक हो वहां, तृतीय देशों को जाने वाले आंकड़ा हस्तांतरणों के विवरण इस अनुभाग में दिए गए हैं या निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं।

https://gdpr.audi.com/

## VII. मेरे आंकड़े कितने समय तक भंडारित रखे जाएंगे?

परीक्षण वाहन का उपयोग करने के क्रम में एकत्र हुए आंकड़े तब तक भंडारित रखे जाएंगे जब तक वे परीक्षण और ट्रायल के प्रयोजनों के लिए आवश्यक हैं।

इन प्रयोजनों की पूर्ति के बाद आपके आंकड़े मिटा दिए जाएंगे। कुछ मामलों में, गुणवत्ता आश्वस्ति कके मापों के लिए आंकड़ों को इस अवधि से भी अधिक समय तक रखना आवश्यक हो सकता है; उक्त मापों में दीर्घकालिक प्रेक्षण और विकास के प्रयोजन (उत्पाद दस्तावेज़ीकरण तथा रिकॉर्ड रखने संबंधी प्रयोजन) शामिल हैं। साथ ही, यदि Audi आंकड़ों को पुरालेखित (आर्काइव) करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है, यदि अतिरिक्त प्रक्रमण कानूनी दावों के अभिकथन, उपयोग या बचाव में सहायक है, या यदि वैज्ञानिक शोध प्रयोजनों को साकार करने के लिए यह आवश्यक है तो आंकड़े भंडारित रखे जाएंगे।

***